भा.कृ.अनु.प.- केन्द्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान
वरसोवा, अंधेरी (प.), मुंबई - 400 061

हिन्दी पखवाड़ा - 2019

महिला दिवस

संस्थान में दिनांक 13 से 28 सितम्बर, 2019 तक आयोजित हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अंतर्गत दिनांक 25 सितम्बर, 2019 को महिला दिवस मनाया गया । यह समारोह दो सत्रों में सम्पन्न हुआ । पहले सत्र में सर्वप्रथम डा. गायत्री त्रिपाठी, प्रधान वैज्ञानिक / अध्यक्ष, महिला दिवस-2019 ने सभी का स्वागत करते हुए समारोह की मुख्य अतिथि डा. सुजाता सक्सेना, विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, माटुंगा, मुंबई के साथ ही प्रमुख वक्ता हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश मिश्रा एवं आमंत्रित अतिथि डा. बबिता गोयल का परिचय दिया और डा. शैलेश मिश्रा को अपना व्याख्यान प्रस्तुत करने हेतु मंच पर आमंत्रित किया । डा. शैलेश मिश्रा ने मानव को हड्डी रोग क्यों होते हैं? और इससे कैसे बचा जा सकता है विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया । इस व्याख्यान सत्र में संस्थान के निदेशक महोदय डा. गोपाल कृष्णा के साथ संस्थान के समस्त वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं छात्र-छात्राएं भी उपस्थित थे । उपस्थितों ने संबंधित विषय की अधिक जानकारी हेतु अनेक प्रश्न पूछे । डा. शैलेश मिश्रा ने उन पर समाधानकारक उत्तर देकर अधिक जानकारी प्रदान की । इसके पश्चात् कार्यक्रम के दूसरे सत्र में संस्थान के समस्त महिला वैज्ञानिकगण, अधिकारीगण, कर्मचारीगण के साथ ही समस्त महिला शोधकर्ताओं एवं अनुबंधित महिला कर्मचारीगण के लिए विभिन्न रोचक खेल-प्रतियोगिताएं आयोजित की गई । इस महिला दिवस के उपलक्ष में डा. सुजाता सक्सेना, विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, माटुंगा, मुंबई ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई । डा. सुजाता सक्सेना जी ने सर्वप्रथम सभी को हिन्दी पखवाड़ा-2019 के साथ ही महिला दिवस की शुभकामना दी और सभी उपस्थित महिलाओं को अपने तथा अपने परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए अपने कार्यो के साथ इस प्रकार के कार्यक्रमों में भी भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया । संस्थान की समस्त महिलाओं के साथ ही डा. सुजाता सक्सेना एवं डा. बबिता गोयल ने भी आयोजित विभिन्न रोचक खेल-प्रतियोगिताओं में हर्षो-उल्हास से भाग लिया । अंत में समस्त उपस्थित प्रतिभागियों में जलपान वितरित कर समारोह का समापन किया गया ।

डा. गायत्री त्रिपाठी, प्रधान वैज्ञानिक हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डा. सुजाता सक्सेना, विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, माटुंगा का स्वागत करते हुए डा. एन. पी. साहू, प्रधान वैज्ञानिक

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश मिश्रा एवं डा. बबिता गोयल से हड्डी रोग संबंधी प्रश्न पुछते हुए अधिकारीगण ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश मिश्रा से हड्डी रोग संबंधी प्रश्न पुछते हुए अधिकारीगण ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर हड्डी रोग विशेषज्ञ डा. शैलेश मिश्रा से हड्डी रोग संबंधी प्रश्न पुछते हुए अधिकारीगण ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि डा. सुजाता सक्सेना, विभागाध्यक्ष, केन्द्रीय कपास प्रौद्योगिकी अनुसंधान संस्थान, माटुंगा सभा को संबोधित करते हुए ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर डा. बबिता गोयल सभा को संबोधित करते हुए ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खेल का आनंद लेती महिलाएं ।

हिन्दी पखवाड़ा - 2019 के अन्तर्गत आयोजित महिला दिवस के अवसर पर विभिन्न रोचक खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर खेल का आनंद लेती महिलाएं ।